तापमान
31.1° अधिकतम | 15.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | मंगलवार 12 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 324 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## चांद नजर आया, पहला रोजा आज से

सोमवार को एदार ए शरीया झारखंड के द्वारा हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार दरगाह, डुरंडा रांची के परिसर में रमजानुल मुबारक का चांद देखने की व्यवस्था की गई. इस दौरान रमजानुल मुबारक का चांद देखा गया. जिसके बाद निर्णय लिया गया कि 11 मार्च से तरावीह शुरू और रमजानुल मुबारक का पहला रोजा 12 मार्च मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है.



फाइल फोटो

### गर्मी में जलापूर्ति के लिए रांची नगर निगम की कार्ययोजना हर साल होती है फेल

# जल संकट दूर करने के लिए फिर तैयार हो रहा एक्शन प्लान

तरुण कुमार चौबे । रांची

राजधानी रांची में गर्मी के मौसम में जल संकट से निपटने के लिए रांची नगर निगम ने फिर से इस साल योजना तैयार की है. हालांकि हर साल नगर निगम का प्लान धरातल पर पूरी तरह से उतर नहीं पाता है. इस साल रांची नगर निगम ने अपने वाटर सप्लाई एक्शन प्लान को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. कुछ दिन पहले प्रशासक अमित कुमार ने सभी इलाकों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये थे. रिपोर्ट में क्षेत्रवार पानी की स्थिति की जानकारी तैयार की गयी है. इसके साथ ही जलशाखा ने पीएचईडी विभाग के साथ बैठक कर उनसे मदद मांगी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर निगम ने पीएचईडी विभाग द्वारा उपयोग किये जा रहे टैंक से प्रतिदिन 300 टैंकर भरने की मांग की थी. लेकिन पीएचईडी विभाग ने केवल 150 टैंकर भरने की अनुमति दी है.

विभाग का कहना है कि उन्हें भी पूरे शहर में पानी की आपूर्ति करनी है. अगर प्रतिदिन 300 टैंकर पानी निगम को दिया जायेगा, तो उनके पास आपूर्ति करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं बचेगा. निगम की ओर से तैयार की गयी रिपोर्ट के मुताबिक गर्मी के मौसम में जिन इलाकों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गयी है, उसके अलावा नये इलाकों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. वहां भी पानी पहुंचाने की योजना बनायी गयी है. इस काम के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है. नगर निगम की ओर से टेंडर भी जारी कर दिया गया है. पिछले साल सप्लाई का काम एमडी एजेजा नाम की एजेंसी को सौंपा गया था. लेकिन एजेंसी ने ठीक से काम नहीं किया. इसलिए इस साल निगम एक से अधिक एजेंसी को काम सौंपने जा रही है. इसके साथ जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 20 टैंकर बढ़ाया जायेगा. रांची के कांके रोड़, हरमू, रातू रोड, आनंद नगर, विद्यानगर, तुपुदाना आदि इलाकों में पेयजल संकट की समस्या सबसे अधिक होती है. इन इलाकों के पाइपालाइन से अभी तक जलापूर्ती शुरू नहीं हो पायी है. जिसके कारण इन इलाकों की हालत सबसे खराब हो जाती है.

### डीप बोरिंग लंबे समय से है खराब

नगर निगम हर साल जलसंकट से निजात पाने के लिए कई तरह के योजना बनाती है, लेकिन उनकी योजना हर बार धरी की धरी ही रह जाती है. राजधानी के कई इलाकों में खराब पड़ी डीप बोरिंग व चापानल को दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है. शहर में कुल 3000 चापाकल हैं. जिनमें 150 के कीब सूख चुकी है. इसके साथ 300 से अधिक चापाकल बरसात में ही काम करता है. ये चापाकल फरवरी से पहले ही सूख जाता है. इसके साथ पूरे शहर में मिनी एचवाइडीटी कि संख्या 1611 और एचवाइडीटी कि संख्या 177 हैं. इनमें से भी कई गर्मी आते ही सूख जाते हैं.

#### जलाशयों में भरी गाद व जलकुंभी

नगर निगम जलसंकट से लड़ने कि लिए एक्शन प्लान बना रहा है. वहीं शहर के जलाशयों की स्थिति भी गंभीर बनी हुई. जलाशयों में गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त पानी नहीं है. रूक्का डैम में गाद की सफाई नहीं होने के कारण जलस्तर कम हो गया है. सिर्फ दस फीट ही पानी सप्लाई कर पीने लायक बचा है. गाद की सफाई होती तो पानी का भंडारन बढ़ जाता है. इसके साथ ही डैमों में जलकुंभी का भी भरमार लगा हुआ है.

#### 20 नए टैंकर, पर पुराने में लग रही है जंग

गर्मी में परेशानी को देखते हुए निगम ने 20 नए टैंकर खरीदने का फैसला लिया है. अभी निगम के पास में 54 टैंकर हैं. लेकिन पूरे शहर के लिए ये पर्याप्त नहीं हैं. इसलिए निगम 20 नए टैंकरों खरीदेगा. लेकिन निगम के स्टोर कार्यालय में कई टैंकरों में जंग लग गया है. यहां रखे दर्जनों टैंकर की स्थिति जर्जर हो चुकी है. हालत यह है कि टैंकर से जितना पानी भेजा जाता है, उससे अधिक तो बह ही जाता है. टैंकरों के रखरखाव भी नहीं किया जा रहा है.

#### गर्मी में हर साल होता है राजधानी में जलसंकट

राजधानी रांची में हर साल करीब ग्राउंड वाटर रिचार्ज नहीं होने से लगभग 80 प्रतिशत पानी बर्बाद होता है. इसके साथ शहर की बढ़ती जनसंख्या से तेजी से शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, कम बारिश और ग्राउंड वाटर का दोहन है. साथ ही साथ जरूरत के अनुसार वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं की गई है. बारिश का पानी बेकार चला जाता है. शहर में 10 प्रतिशत घरों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है.

### शहर में पानी संरक्षित रखने के लिए क्या है प्लानः हाईकोर्ट

**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम से पूछा है कि शहर के जल स्रोतों में पानी संरक्षित रखने के लिए सरकार और निगम के पास क्या प्लान है? गर्मी में पेयजल की समस्या से कैसे लड़ेंगे? भविष्य में रांची में पेयजल का संकट ना आए इसके लिए निगम और सरकार क्या योजनाएं बना रही है. इस मामले को लेकर सोमवार को हाईकोर्ट जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने इस मामले में रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर स्वतः संज्ञान लिया है. अब इस मामले में अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी.

**भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाए गए हैं नियम : निगम :** सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि निगम ने भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बनाए गए हैं. इसका पालन नहीं करने वाले भवन मालिको एवं अपार्टमेंट के निवासियों से डेढ़ गुना अतिरिक्त होल्डिंग टैक्स वसूला जा रहा है. तीन-चार माह में राजधानी के कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम का झारखंड स्टेट स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के माध्यम से सेटेलाइट मैपिंग किया जाएगा. ताकि इन तीन डैम का जल स्रोत, कैचमेंट एरिया, डैम के आसपास के अतिक्रमण आदि की जानकारी हो सके.

### जलसंकट गहराया

## तापमान बढ़ते ही रांची में होने लगी पेयजल की समस्या

संवाददाता । रांची

अत्यधिक गर्मी बढ़ने के साथ-साथ पेयजल की समस्या गहराने लगी है. शहर के विभिन्न क्षेत्रों के कुआं, चापानल और बोरिंग सूखने लगे हैं. जलस्रोतों का पानी धीरे-धीरे कम होने लगा है. शहर में पानी के लिए लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. मार्च महीने से ही अधिकांश लोगों का बोरिंग सूखने लगे हैं. हरमू, सिंदवार टोली, टैगोर हिल, बरियातू और मोराहबादी इसमें शामिल है. हरमू वार्ड संख्या 34 में पानी के लिए मार्च महीने से ही लोग पानी का इंतजाम करना शुरू करने लगे हैं. मई महीने में पूरी तरह से बोरिंग सूख जाता है. पानी के लिए नगर निगम के टैंकर पर निर्भर रहना पड़ता है.

पानी के लिए लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं. पीने का वैकल्पिक व्यवस्था जार पानी होता है. सत्येद्र कुमार ने कहा कि मुहल्ले में 6 महीने पहले मिनी एचवाईडीटी लगा है. शुरू में पानी आया था. उसके बाद से पानी ही नहीं आया है. प्रखर वर्मा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी बढ़ने लगी है. पानी की समस्या होने लगी है. लोग अभी से पानी के इंतजाम में जुट गये हैं. सार्थक श्रेष्ट ने बताया कि विद्यानगर, जमुनानगर में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है. चुनाव समय सभी नेता मुहल्ले में घूमते हैं. 5 हजार की आबादी में तीन जगह ही मिनी एचवाईडीटी लगाया गया है. उपेद्र प्रसाद ने बताया कि चुनाव सामने आ रहा है. नेता लोग वोट मांगने के लिए आयेंगे. लेकिन पानी की समस्या को दूर करने की बात नहीं करेंगे. आबादी के हिसाब से मिनी एचवाईडीटी लगाना था. लेकिन अभी तक नहीं लगाया गया है. सप्लाई पानी बिछाया गया है, लेकिन अभी तक पानी नहीं पहुंच पाया है.

**लोग परेशान**



**खास बातें**

- कई इलाकों में अभी से शुरू हो गयी पानी की किल्लत
- समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई नहीं आ रहा सामने

## अधिवक्ता के घर से 21 लाख की चोरी

संवाददाता । रांची

हाईकोर्ट के अधिवक्ता के घर का ताला तोड़ कर 21 लाख रुपए की समान की चोरी कर ली गई. यह घटना रविवार की देर रात एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मरियातू, चंदघासी में हुई है.जहां हाइकोर्ट के अधिवक्ता के घर ताला तोड़कर दो से तीन लाख रुपये नगद और करीब 21 लाख रुपये के सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर ली गई. इस घटना की जानकारी सोमवार की सुबह अधिवक्ता को हुई. जिसके बाद इसकी सूचना एयरपोर्ट थाना पुलिस को दी गई. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल में झुकी हुई है और मामले की जांच कर रही है.

## शहर में हर तरफ जाम ही जाम, राहगीर रहे हलकान

### राजधानी की हर सड़क का एक जैसा नजारा





संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के लगभग सभी मुख्य मार्ग हर दिन जाम रहते हैं. इस वजह से राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शाम 5:30 बजे से जाम की स्थिति बनी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, मेन रोड, कोकर रोड, रातू रोड, सर्कुलर रोड में जाम के कारण गाड़ियां रेंग रही हैं. अपने गंतव्य तक जाने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

ट्रैफिक कंट्रोल की ओर से कहा गया की जाम के कारण का पता नहीं लग सका है. हालांकि सोमवार और शनिवार को ट्रैफिक लोड ज्यादा रहता है. ट्रैफिक क्लियर करने के लिए तमाम ट्रैफिक पुलिस के जवान और अधिकारी मौजूद हैं. वहीं ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि वो ग्राउंड पर मौजूद हैं. जल्द ट्रैफिक को क्लियर करने के कोशिश की जा रही है.

## मांडर में घर से शौच गयी महिला की हत्या

**मांडर (रांची) ।** थाना अंतर्गत परयागो गांव में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है. घटना सोमवार सुबह 5 बजे की है. जानकारी के अनुसार परयागो निवासी दुलारी कच्छप के परिजनों के अनुसार अन्य दिनों की तरह सुबह के लगभग पांच बजे घर से शौच के लिए निकली थी. काफी देर तक घर नहीं लौटने पर लोगो से पूछताछ करने लगे तभी कुछ देर बाद गांव वालों ने परिजनों को सूचना दी कि घर से थोड़ी दूर स्थित सड़क किनारे दुलारी कच्छप मरी पड़ी है. तभी इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलने पर मांडर पुलिस गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. परिजनों ने बताया कि उनका गांव के गोतिया के साथ 12 एकड़ की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है. कोर्ट से कुछ ही दिनों के अंदर जमीन को लेकर फैसला आना. उन्हें आशंका है कि जमीन विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने ही उनकी हत्या गला दबाकर कर दी है. दुलारी देवी पुराना स्वयं सहायता महिला समूह से जुड़ी हुई थी, पर 4 साल पूर्व किसी कारण बस उसे उस समूह से निकाल दिया गया था, जिसकी जांच अभी तक चली रही है. इसके बाद वह अपने पति के साथ घर के निकट ही होटल व्यवसाय से जुड़ गई थी, उसके चार बच्चे भी हैं.

## मेकॉन पुल के पास युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

### बिहार की ट्रेन से आया युवक पेड़ से झूल गया

संवाददाता। रांची

मेकॉन पुल के पास युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. यह घटना डोरंडा थाना क्षेत्र के मेकॉन सैटेलाइट पुल के पास की है, जहां एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान नंदू कुमार झा के रूप में हुई है. वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था. घटना की सूचना मिलने के बाद डोरंडा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने पुल के पास एक पेड़ पर युवक का शव लटकता देखा.

इसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक के शव को पेड़ से नीचे उतारा. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया जा रहा है कि युवक ट्रेन से आया और आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

### तमाड़ में प्रेमी युगल का शव बरामद, दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली

**रांची।** जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र के बरवा नहर के पास सोमवार सुबह प्रेमी युगल का शव बरामद हुआ है. मृतकों की पहचान 22 वर्षीय प्रेमी प्रलाद लोहरा और 18 वर्षीय प्रेमिका संगीता कुमारी के रूप में हुई है. दोनों तमाड़ थाना क्षेत्र के बरवा गांव के निवासी हैं. दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या की है. जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह बरवा नहर के पास प्रेमी युगल का शव देखा. शव मिलने की खबर से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी. ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुटी है. बताया जा रहा है युवक और युवती के बीच कई सालों से प्रेम प्रेसंग चल रहा था. दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन दोनों के घरवाले शादी के लिए राजी नहीं थे. इसलिए दोनों ने जहर खा आत्महत्या कर ली.

### बेतला वन अभयारण्य में लौटेगी रौनक, लोगों को हो सकेंगे बाघों के दीदार

## एक साल में पीटीआर में दिखे चार बाघ, वन विभाग की टीम उत्साहित

**खास बातें**

- पिछले साल भी पलामू में देखा गया था एक बाघ
- पीटीआर में लगाये गये कैमरों में कैद हुई बाघों की तस्वीर

आशीष टैगोर। रांची/लातेहार

बेतला आनेवाले सैलानियों के लिए एक और खुशखबरी है. पीटीआर नेशनल पार्क क्षेत्र में एक बाघ और देखा गया है. एक साल में पलामू व्याघ्र परियोजना (पीटीआर) में 4 बाघ देखे गये. पिछले साल मार्च मे पीटीआर में बाघ दिखा था. उसके बाद नवंबर में दो बाघ देखे गये. अब मार्च में फिर से बाघ देखे जाने का दावा वन विभाग का है. पीटीआर में लगे कैमरों में बाघ की तसवीर कैद हुई है. बाघ स्वस्थ्य है और पिछली बार देखे गये बाघो से अलग है. यह बाघ उसी इलाके में देखा गया जहां नवंबर के माह में बाघ देखे गये थे. चौथा बाघ देखे जाने से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी खासे उत्साहित हैं.



#### 50 कैमरे लगाये गये हैं

पीटीआर वन क्षेत्र 1129 वर्ग किलोमीटर में है और इसमें बाघों एवं अन्य वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 50 से अधिक कैमरे लगाये गये हैं. इन्ही कैमरों में से एक मे उक्त बाघ की तसवीर कैद हुई है. इन कैमरों में पूर्व में पाये गये तीन बाघ की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है. उनके द्वारा जंगल में शिकार करने की तसवीरें भी कैमरों में कैद की गयी है. विशेषज्ञों ने बताया कि बेतला में अभी तक जितने भी बाघ देखे गये हैं, सभी नर हैं. शायद वे मादा की तलाश में भटक रहे हैं और अभी तक अपना स्थायी निवास नहीं बना पाये हैं. वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पीटीआर में बाघों के स्थायी प्रवास के लिए प्रयास किये जा रहे हैं.

#### कब कहां देखे गये बाघ

आज से दो साल पहले तक कहा जाता था कि बेतला या पीटीआर में बाघों कें संरक्षण के नाम पर लाखों रूपया पानी की तरह बहाया जा रहा है, लेकिन इसका फलाफल शून्य है. लेकिन विगत एक सालों में पीटीआर में बाघों की चहलकदमी ने सभी मिथक तोड़ दिये हैं. पिछले वर्ष सबसे पहले मार्च के महीने में पीटीआर के कूटकू वन प्रक्षेत्र में बाघ को देखा गया था. इसके बाद नवंबर में गारू वन प्रक्षेत्र में बाघ देखा गया. तीसरी बार भी नवंबर के माह में ही बेतला नेशनल पार्क में बाघ देखा गया. बेतला आये कोलकाता के पर्यटको ने उसकी तसवीर कैमरे में कैद की थी. चौथी बार भी बेतला नेशनल पार्क में ही बाघ देखा गया है.

**गौशाला की जंग**

### मारवाड़ी समाज के युवा से लेकर बुजुर्ग तक जमीन बेचने या लीज देने पर हैं अचंभित

# उठाये सवाल- अब दे रहे सफाई, आमसभा में स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं की?

राजन बॉबी। रांची

रांची गौशाला न्यास समिति के 110 लोगों की सदस्यता के साथ ही साथ जमीन औने-पौने दाम पर बेचे जाने का मामला मारवाड़ी समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है. समाज के युवा से लेकर बुजुर्ग तक जमीन स्कूल व फैक्ट्री के लिए दिए जाने को लेकर सवाल उठा रहे हैं. सदस्यों का साफ-साफ कहना है कि गौशाला की जमीन बेचने या लीज पर देने का फैसला आखिर चुनिंदा लोगों ने अपने स्तर से कैसे ले लिया. आम सदस्यों को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया. इससे कहीं न कहीं गौशाला की जमीन को लेकर हेरफेर किया जाने की बू आती है. सदस्यों का कहना है कि करोड़ों की जमीन आखिर औने-पौने दाम पर क्यों बेची गयी. नियम कानूनों व गौशाला के संविदान को ताक पर रख कर क्यों फैसले लिये गये. सदस्यों और मारवाड़ी समाज के लोगों द्वारा लगातार किये जा रहे सवालों के



हमले से बौखलाये गौशाला न्यास बोर्ड के चेयरमैन रतन जालान ने चुप्पी तोड़ी, कहा कि ट्रस्ट बोर्ड की बैठक कर सारे विवाद सुलझा लिये जाएंगे, भ्रम के कारण कुछ समस्याएं आयी हैं, एसे दूर कर लिया जाएगा, लेकिन सदस्यों को उनकी बातों पर तनिक भरोसा हैं. सदस्यों का कहना है उनसे ज्यादा जालान जी को कौन जानता है. उनकी बातों पर कतई भरोसा नहीं किया जा सकता.

**आमसभा में क्यों नहीं स्थिति स्पष्ट की थी? :** गौशाला न्यास समिति के सदस्यों के साथ मारवाड़ी समाज के लोगों का कहना है कि समिति के अध्यक्ष पुनित पोद्दार पर उन्हें भरोसा है. समाज में उनकी छवि भी बेहतर है और गौशाला के लिए वे तन, मन धन से जुड़े भी हैं. लेकिन गौशाला न्यास बोर्ड के चेयरमैन पर वे कतई भरोसा नहीं कर सकते. सदस्यों का कहना है कि चेयरमैन जालान को तो आमसभा में ही सदस्यों की उपस्थिति में सारी स्थिति स्पष्ट कर देनी चाहिए थी. लेकिन आनन-फानन आमसभा समाप्त कर दी गयी. सदस्यों का कहना है कि आज ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन सफाई दे रहे हैं कि किसी भी सदस्य के मन में किसी तरह का कोई भी भ्रम है या दिक्कत है, तो मंच पर बैठ कर बात कर सकते हैं. जब ऐसा ही था तो आमसभा में उन्होंने स्थिति क्यों नहीं स्पष्ट की थी. सारे सदस्यों की उपस्थिति में स्थिति स्पष्ट कर देते तो भ्रम दूर हो जाता. तो जिस दिन मामला स्पष्ट करना चाहिए था, उस दिन स्पष्ट नहीं किया और अब फिर से मिलजुल कर बैठने की बात कह रहे हैं, तो इस पर कैसे भरोसा किया जाए?

### जानिए सदस्य हर रोज उठा रहे हैं कैसे -कैसे सवाल?

- जब संविधान में स्पष्ट है कि गौशाला न्यास से जुड़ा कोई भी व्यक्ति गौशाला की जमीन या संपत्ति हीं खरीद सकता, तो फिर कैसे जिसे जमीन बेची गयी, उसे ही ट्रस्टी भी बना दिया गया?
- बाढ़ू गांव स्थित गौशाला की जमीन का सौदा संविधान में उल्लेखित नियमों व तथ्यों को ताक पर रख कर क्यों किया गया ?
- गौशाला की जमीन बेचनी ही थी, तो पादर्शिता क्यों नहीं बरती गयी, गुपचुप तरीके से सौदा क्यों कर दिया गया?
- पुराने लेटर पैड पर सचिव प्रदीप राजगढ़िया को सिग्नेचर ऑफ एक्सीक्यूटेंट का अधिकार कैसे दिया गया और किसने दिया?
- सीएनटी नेचर की गौशाला की गोचर भूमि की आखिर कैसे राजकुमार केडिया के नाम रजिस्ट्री करा दी गयी?
- गौशाला न्यास समिति के सचिव प्रदीप राजगढ़िया को जमीन बेचने के लिए ऑथोराइजेशन लेटर किसने और कैसे दिया?
- गौशाला की जिस जमीन की रजिस्ट्री दूसरों को की गयी है, उस डीड में कहीं भी जमीन के इतिहास का उल्लेख क्यों नहीं है?
- गौशाला समिति व अफसरों के गंठजोड़ ने बेशकीमती जमीन को कब्जियाने या बेचने की नियत से अफसरों के साथ मिलकर खेल तो नहीं किया ?
- किन परिस्थतियों में गौशाला की जमीन राजकुमार केडिया और संजीव खीरवाल के नाम पर मात्र 7,174 रुपये प्रति डिसमिल की दर से रजिस्ट्री कर दी गयी?
- सदस्य और मारवाड़ी समाज की यह मांग कि गौशाला की जमीन हर हाल में फिर से गौशाला को वापस लौटायी जानी चाहिए. सदस्यों को इंतजार है कि आखिर इस पर ट्रस्टी और पदाधिकारी क्या फैसला लेंगे?

## कैबिनेट की बैठक आज, दर्जन भर एजेंडों को मिलेगी मंजूरी

### इसके अलावा लिए जा सकते हैं और भी बड़े फैसले

संवाददाता । रांची

कैबिनेट की बैठक मंगलवार शाम चार बजे से होगी. जानकारी के अनुसार बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है. केंद्र के अनुरूप राज्यकर्मियों को 4% महंगाई भत्ता देने पर मुहर लग सकती है. एक जनवरी 2024 से इसका लाभ सभी राज्यकर्मी, पेंशनधारी व पारिवारिक पेंशनधारियों को मिल सकता है. कैबिनेट में राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष करने पर भी विचार हो सकता है. जनजातीय भाषा अकादमी शुरू करने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा जा सकता है. बैठक में पथ निर्माण, ग्रामीण विकास और ऊर्जा की कई योजनाओं को स्वीकृति मिलती है. जानकारी के अनुसार, आचार संहिता लगने से पहले राज्य सरकार कई विकास योजनाओं को स्वीकृति दे सकती है. इसके अलावा बैठक में कई नीतिगत निर्णय भी लिये जा सकते हैं.

**खास बातें**

- राज्यकर्मियों के 4% डीए के प्रस्ताव को मिल सकती है मंजूरी
- जनजातीय भाषा अकादमी के प्रस्ताव पर बन सकती है सहमति
- कैबिनेट की बैठक शाम 4 बजे प्रोजेक्ट भवन में होगी

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ सीबी शर्मा
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरीः डॉ आनंद प्रकाश
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ईएनटीः डॉ संदीप कुमार (पहली पाली), डॉ बिनोद कुमार सिन्हा (दूसरी पाली)
- नेत्रः डॉ राहुल कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- सीटीवीएसः डॉ विनीत महाजन
- कार्डियोलॉजीः डॉ हेमंत नारायण
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा पंत

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरीः डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ विनीता जे एक्का और डॉ तान्या प्रिया
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ अभिषेक
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- ऑनकोलॉजीः डॉ गुंजेश

## शहर में आज

1. राष्ट्रीय युवा शक्ति द्वारा रांची बंद सुबह 9 बजे से
2. प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक 4 बजे से
3. शहर के अन्य हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### इरफान को एचईसी के मुद्दों से अवगत कराया



**रांची।** सोमवार को एचईसी बचाव मजदूर जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल ने जामताड़ा के विधायक डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात की. इस दौरान एचईसी से जुड़े मुद्दों से उन्हें अवगत करवाया गया. उन्हें मजदूरों के बीच आने का भी निमंत्रण दिया, जिसे विधायक ने स्वीकार किया. प्रतिनिधिमंडल में हरेंद्र प्रसाद यादव, कुंदन सिंह, विजय साहू, हैदर, अवधेश कुमार चौधरी शामिल थे.

### भाजपा ने अपने वादे को पूरा किया : प्रतुल

**रांची।** भाजपा ने सीएए कानून के लागू होने का स्वागत किया है. प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा ने 2019 के अपने मेनिफेस्टो में किए गए वादे को पूरा किया. इस कानून के पारित होने से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में रह रहे हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, पारसी समुदाय के लोगों को फायदा होगा. अब उनको नागरिकता मिल सकेगी. अब वे यहां संपत्ति भी खरीद सकते हैं. मोदी सरकार एक-एक कर कांग्रेस की गलतियों को ठीक कर रही है.

### सीएए लागू करना स्वागतयोग्य : काली

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्ण शर्मा काली ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून लागू करने का स्वागत किया है. कहा कि इससे धार्मिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को गंभीर झटका लगेगा. भाजपा के 2019 घोषणा पत्र में सीएए लागू करने का संकल्प था. इससे उत्पीड़ित लोगों के लिए भारत में नागरिकता पाने का मार्ग प्रशस्त होगा.

### लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक, एनफोर्समेंट एजेंसी के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# चुनाव की घोषणा के साथ ही फ्लाइंग स्क्वॉड व स्टेटिक सर्विलांस टीम प्रभावी

संवाददाता । रांची



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को समाहरणालय में आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की गई. इस दौरान एनफोर्समेंट एजेंसी के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. उन्हें कहा गया कि फ्लाइंग स्क्वाड ( उड़न दस्ता दल) चुनाव की घोषणा के साथ प्रभावी हो जाता है एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम चुनाव की अधिसूचना पर क्रियाशील हो जाती है. इन्हें अपने कार्यों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पूरा करने को कहा गया. डीसी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि फ्लाइंग स्क्वाड एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा राशि, शराब, अवैध वस्तु, मादक द्रव्य आदि चीजों को जब्त किए जाने की स्थिति में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम पर रियल टाइम एंट्री के उपरांत संबंधित एनफोर्समेंट एजेंसी को अपने-अपने विभाग के नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए.

बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक कुमार सुमन, राज्य नोडल अधिकारी, राज्य पुलिस विभाग (एसपीडी), आयकर विभाग (आईटीडी) राज्य उत्पाद शुल्क विभाग (एसईडी), केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी), राज्य वस्तु एवं सेवा कर/वाणिज्यिक कर (एसजीएसटी/सीटी), राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), असम राइफल्स, भारतीय तट रक्षक (आईसीजी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), डाक विभाग (डीओपी), वन विभाग, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई), राज्य नागरिक उड्डयन विभाग (एससीएडी), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी/पदाधिकारी एवं संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे.

**चुनाव तैयारी**

- ईसीएम सिस्टम पर होगी जब्त सामानों की रियल टाइम एंट्री
- एनफोर्समेंट एजेंसी को नियम के तहत कार्रवाई के निर्देश

### आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट के लिए 'सीविजिल' ऐप

भारत के चुनाव आयोग ने वास्तविक समय के अपडेट के लिए एक तकनीकी प्लेटफॉर्म विकसित किया है. यह प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्र से बरामदगी पर वास्तविक समय के अपडेट के लिए है. चुनाव के दौरान अवैध रूप से नकदी, शराब, ड्रग्स और दूसरी अवैध सामग्री के इस्तेमाल को रोकने के लिए चुनाव आयोग सक्रिय रहता है. इस दौरान चुनाव आयोग द्वारा ऐसी अवैध सामग्री को जब्त भी किया जाता है. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए नए सीविजिल ऐप से इन सभी कमियों को दूर होने और फास्ट-ट्रैक कम्प्लेन रिसेप्शन और निवारण प्रणाली बनने की उम्मीद है. 'सीविजिल' नागरिकों के लिए निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता और व्यय संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक नवोन्मेषी मोबाइल ऐप्लिकेशन है. 'सीविजिल' का अर्थ जागरूक नागरिक है और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जा सकने वाली सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है.

### 'सीविजिल' ऐप क्या है?

'सीविजिल' एक उपभोक्ता अनुकूल एंड्रॉइड एप्लिकेशन है. इसे संचालित करना आसान है. इसका उपयोग उपचुनाव, विधानसभा एवं संसदीय निर्वाचनों की अधिसूचनाओं की तारीख से आदर्श आचार संहिता एवं व्यय संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है. इस ऐप की विशिष्टता यह है कि यह केवल लाइव फोटो और वीडियो के साथ ऐप के भीतर से ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है, ताकि फ्लाइंग स्क्वॉड को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके.

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया

# आखिर किसे बचाना चाह रहा एसबीआईः गुलाम मीर

**दो टूक**

- कोर्ट में एसबीआई की अपील खारिज होने पर दी प्रतिक्रिया
- धन घोटाले में शामिल नामों को छिपाने के प्रयास विफल

विशेष संवाददाता। रांची

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इलेक्टोरल बांड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए स्वागत किया है. इन्होंने पूछा कि आखिर किसको बचाना चाहता है एसबीआई? मीर ने कहा कि अगर भारतीय स्टेट बैंक ने 12 मार्च तक चुनावी बॉन्ड के बारे में जानकारी नहीं दी, तो उन्हें परेशानी हो सकती है. सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें चेतावनी दी और बैंक की अपील खारिज कर दी. धन घोटाले में शामिल नामों को छिपाने के प्रयास विफल रहा.

बैंक के पास सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए 12 मार्च तक का समय है. मुख्य न्यायाधीश ने बैंक की स्थिति से निपटने के तरीके पर सवाल उठाए. बैंक के अध्यक्ष को यह पुष्टि करनी होगी कि क्या उन्होंने अदालत के आदेशों का पालन किया है. यदि वे भविष्य में इसका पालन नहीं करेंगे तो परिणाम भुगतने होंगे. कोर्ट राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता चाहता है और सरकार के साथ अवैध लेनदेन को रोकना चाहता है.



**अंतत : ज्योतिष बन कर ट्रेन की सीट पर बैठनेवालों को सुप्रीम कोर्ट ने उतार दिया**

मीर ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश ने भारतीय स्टेट बैंक को अपने कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी न बरतने पर फटकार लगाई. बैंक से पिछले 26 दिनों से वे क्या कर रहे हैं, इसके बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए कहा गया था. मुख्य न्यायाधीश ने इन गुणों का वर्णन करने के लिए 'कैडर' शब्द का उपयोग करते हुए ईमानदार और पारदर्शी होने के महत्व पर जोर दिया. अदालत ने बैंक को उनके आदेशों का पालन करने और आवश्यक जानकारी प्रदान करने की याद दिलाई. इस घटना ने एक यात्री की कहानी की याद दिला दी, जिसने ज्योतिषी होने का बहाना करके ट्रेन की सीट पर घुसने की कोशिश की थी. जैसे यात्री को अंतत: पता चला पकड़ लिया गया और ट्रेन से उतार दिया गया. वैसे ही भारतीय स्टेट बैंक भी सच्चा नहीं होने पर पकड़ा गया.

**उम्मीद है सही रिपोर्टिंग करेगी मीडिया : ठाकुर**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस जानकारी से चुनावी फंड में धोखाधड़ी और फर्जी कंपनियों की संभावित संलिप्तता का खुलासा होने की उम्मीद है. उम्मीद की जाती है कि मीडिया इस जानकारी को रिपोर्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. क्योंकि कुछ आउटलेट इस मुद्दे को अनदेखा करना या कम महत्व देना चुन सकते हैं. कांगेस प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री की जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उनकी चुप्पी और सरकार की कार्रवाई से जानकारी छुपाने में उनकी संलिप्तता का संदेह पैदा हो गया है. कोर्ट के फैसले से मामले को लेकर चल रही अटकलों और अफवाहों पर विराम लग गया है. आज विपक्ष ही नहीं, पूरे देश में एसबीआई की विश्वसनीयता को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है. एसबीआई की ओर से डाटा देने के लिए और 137 दिनों का समय मांगना अपने आप में हास्यास्पद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है.

### महिला कर्मियों को 730 दिनों का अवकाश देने के निर्णय का स्वागत

# महिलाओं ने सीएम का आभार जताया

**बोले सीएम**

- मजबूत राज्य व राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका
- महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में किया जा रहा काम

संवददाता । रांची



राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा महिला कर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए 730 दिनों का मातृत्व अवकाश देने का निर्णय को लेकर महिला कर्मियों के बीच हर्ष का वातावरण है. इसी सिलसिले में आज महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सैकड़ों महिला कर्मियों ने ढोल-नगाड़े और अबीर-गुलाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आभार जताया.

**महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार, समाज राज्य और देश के निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है. यही वजह है कि उनकी सरकार महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की है. इसी कड़ी में राज्य की सेवा दे रहे महिला कर्मियों के हित में उन्हें सेवाकाल में अपने बच्चों की देखभाल के लिए दो वर्षों का अवकाश देने का फैसला लिया है. इससे निश्चित तौर पर महिला कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे समर्पित भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के विकास में भागीदार बनेंगी.

**महिला कर्मी बोलीं- महिलाओं के हित में सरकार का कार्य बेहतर**

महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की महिला कर्मियों ने मुख्यमंत्री को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि सरकार महिला पदाधिकारी और कर्मियों के हित में लगातार निर्णय ले रही है. हमारी मांगों को लेकर सरकार का रवैया हमेशा से सकारात्मक देखने को मिल रहा है. आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ अन्य लाभ और सुविधाएं देने की मांग को इस सरकार ने पूरा कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है. कहा कि हम सभी आपको भरोसा दिलाते हैं कि राज्य को बेहतर बनाने में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे. इस अवसर पर महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सहायक निदेशक कंचन सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लातेहार अलका हेंब्रम और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलिशा कुमारी समेत राज्य भर से आईं विभाग की महिला पदाधिकारी और कर्मी, महिला पर्यवेक्षिकाएं तथा सहायिका एवं सेविकाएं मौजूद थीं.

### ईडी के खिलाफ राजद का विरोध प्रदर्शन

# देश में लोकतंत्र और संविधान पर मंडरा रहा खतरा : अनीता



संवाददाता । रांची

ईडी के खिलाफ प्रदेश राजद ने अल्बर्ट एक्का चौक के समक्ष प्रदर्शन किया. इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि देश में इमरजेंसी से भी खराब हालात हैं. विपक्षी दलों को निशाने पर लेकर कार्रवाई की जा रही है. मजबूत लोकतंत्र के लिए विपक्ष का भी मजबूत होना आवश्यक है. मगर, जिस तरह मोदी सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है, उससे साफ नजर आ रहा है कि लोकतंत्र और संविधान अब खतरे में है. विपक्षी नेताओं का बिना अपराध साबित हुए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डाला जा रहा है. मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, संजय राउत, हेमंत सोरेन और अब सुभाष यादव को टारगेट किया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि राजद और उसके कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि उनके नेता पर इस तरह से अत्याचार किया जाए. हम सब सड़क से संसद तक इस बात को उठाएंगे.

### हेमंत सोरेन मामले को लेकर 26वें दिन भी जारी रहा झामुमो का उपवास

# चुनाव में जनता देगी जवाब : शुभेंदु

विशेष संवाददाता। रांची



हेमंत सोरेन मामले को लेकर झामुमो का उपवास कार्यक्रम 26वें दिन भी जारी रहा. मोरहाबादी के बापू वाटिक के समक्ष सोमवार को सरायकेला-खरसांवा जिला अध्यक्ष डॉ. शुभेंदु महतो की अध्यक्षता में उपवास हुआ. उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनके परिवार का झारखंड के लिए जो योगदान रहा है, उसे कोई भूल नहीं सकता. इस कारण वो सभी के दिल में बसते हैं. हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर फंसाने का काम किया है. इसका जवाब लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता बीजेपी को देगी.

**जल्द रिहा नहीं हुए हेमंत तो उग्र आंदोलनः आलम :** झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा झूठे और निराधार केस बना कर हेमंत सोरेन को प्रताड़ित किया जा रहा है. इसके विरोध मे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है. अगर हेमंत सोरेन को जल्द रिहा नहीं किया गया, तो जनता उग्र आंदोलन के लिए भी विवश होगी. इस मौके पर नंदकिशोर मेहता, पप्पू वर्मा, गुरुचरण मुखी, सुशीला एक्का, डॉ हेमलाल मेहता, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, मनोहर कर्मकार, रांची जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, कलाम आजाद, बीरु साहू, अश्विनी शर्मा, सरायकेला नगर अध्यक्ष बड़ा बाबू सिंह देव, संजय दास, राजेश लाहा, आफताब आलम, अरविंद सिंह देवल, तालकेश्वर महतो, संजय राय, बबलू राम, घनश्याम मंडल, आदिल इमाम, कैथरिना तिर्की, डोनाल मंडल, रॉकी कालिंदी, मंगला प्रधान, सालो देवी, राधा हेंब्रम, अंशू लकड़ा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

**रोष व्याप्त**

- झूठे केस में हेमंत सोरेन को किया जा रहा प्रताड़ित : मुश्ताक
- जल्द रिहा नहीं करने पर उग्र आंदोलन को विवश होगी जनता

### सीएम से मिले एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर

# अफीम की खेती नष्ट करने के लिए कर रहे हैं कार्रवाई : हितेश

संवाददाता । रांची

मुख्यमंत्री चपाई सोरेन से सोमवार को नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ऑफ़ इंडिया पूर्वी क्षेत्र के डिप्टी डायरेक्टर जेनरल हितेश गोदारा ने मुलाकात की. उन्होंने मादक पदार्थ के अवैध कारोबार तथा अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए की जा रही कार्रवाई से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री को दी.

उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है. हमारा प्रयास मादक पदार्थों की तस्करी, और कारोबार को रोकने के साथ अफीम आदि के उत्पादन को हर हाल में नष्ट करना है. इस अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ़ इंडिया -झारखंड- बिहार के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद और रांची एनसीबी के सुपरिंटेंडेंट एस शारिक उमर मौजूद थे.

**डीआरएम ने सीएम से मिल कर आमंत्रण दिया**



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सोमवार को रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात की. उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 12 मार्च को रांची-बनारस वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन हरी झंडी दिखाएंगे. इस अवसर पर रांची में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. उन्होंने मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया.

**मिलन कार्यक्रम**

### झामुमो और कांग्रेस के सैकड़ों नेता, कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

# युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही राज्य सरकार : बाबूलाल

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो और कांग्रेस के सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता सोमवार को प्रदेश कार्यालय में भाजपा में शामिल हो गए. सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएसएससी परीक्षा में 35 से 50 लाख रुपये तक में प्रश्न पत्र बेचा जा रहा है. यह सरकार सिर्फ बच्चों, नौजवानों का भविष्य ही नहीं, बल्कि झारखंड का भी भविष्य बर्बाद करने में लगी है.

पहले भी ऐसी कई तरह की परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आयी थी, लेकिन हेमंत सरकार मानने को तैयार नहीं थी. छात्रों ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया, तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा.



**लगाया आरोप**

- 35 से 50 लाख में बेचा जा रहा जेएसएससी का प्रश्न पत्र
- विपक्ष की कोई विचारधारा नहीं सिर्फ 'मोदी को हटाओ' लक्ष्य

भाजपा में शामिल होने वालों में विनोद कुमार, जेके पासवान, शंभू इजरा, राहुल यादव, फुरकान अहमद, तफेजुल अंसारी, यासीन अंसारी, अक्षय केसरी, शमीम अली, लादेन खान, नदीम अंसारी, आकाश महाराणा, राम साहू, सिंटू यादव, चंदन रवानी, चंदन यादव, राम साहू, बदल साहू, अनिल साहू, रिंटू साहू, पिंटू साहू, पप्पू यादव, राजीव कुमार, संजय कुमार, शिवनारायण उरांव, सनिका उरांव, बिहारी महापात्रा सहित कई कायकर्ता रहे. इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित थे.

**पीएम विकसित भारत बनाने को लेकर कृतसंकल्पित**

मरांडी ने कहा कि आज झारखंड में जिनकी सरकार है, उस पार्टी के लोग, पार्टी की नीतियों एवं कार्य संस्कृति से क्षुब्ध होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं. एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कृतसंकल्पित हैं, तो वहीं दूसरी ओर अन्य दलों की कोई विचारधारा नहीं है. उनका सिर्फ एक ही मकसद है कैसे अपने परिवार को बचाएं और अपने बच्चों का भविष्य को सुरक्षित करें. इसके लिए उनका सिर्फ एक लक्ष्य है, मोदी को हटाओ. राज्य में झामुमो-कांग्रेस का स्वार्थी गठबंधन सरकार की अकर्मण्यता और विकास विरोधी मानसिकता से कांग्रेस जनता के मन से उतरने लगी है.

### बदल सकता है मौसम, पश्चिमी विक्षोभ का दिख सकता है असर

# 16 मार्च से बारिश की संभावना

संवाददाता। रांची

झारखंड में फिर मौसम बदलने वाला है. मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने के कारण कल से 13 मार्च के बाद राज्य के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाए रह सकते है. वहीं 16 और 17 फरवरी को हल्की बारिश की भी संभावना है. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्वतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा और सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में दर्ज किया गया. राज्य में अगले 3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है.

**बिन मौसम बरसात बढ़ा सकती है परेशानी पारा 30 डिग्री से. पार**

बिन मौसम बरसात लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है. ठंड, गर्मी और बारिश ने बीमारियों को न्योता दे दिया है. अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है. वहीं दवाई दुकानों में भी भिड़ देखी जा रही है. पूरे झारखंड का उच्वतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है. सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में 35 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

**तापमान (डिग्री से. में)**



| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.0 | 15.0 |
| जमशेदपुर | 34.7 | 16.8 |
| डाल्टेनगंज | 33.6 | 15.1 |
| बोकारो | 32.5 | 14.5 |
| चाईबासा | 33.4 | 15.2 |
| देवघर | 33.3 | 12.5 |
| गिरिडीह | 32.0 | 14.1 |
| गढ़वा | 31.4 | 13.8 |
| लोहरदगा | 31.7 | 13.0 |
| गोड्डा | 33.4 | 11.2 |

▼ ब्रीफ खबरें

## मनाया गया लोहरा समाज का 13वां मिलन समारोह

**रांची।** रातू प्रखंड के रातू किला स्थल में लोहरा समाज का 13वां मिलन समारोह सह प्रतिभा मिलन समारोह का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकांत शर्मा ने किया. संचालन सचिव राकेश कुमार शर्मा ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण शर्मा, शिव कुमार शर्मा, दुधेश्वर विश्वकर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा शामिल थे. इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि लोहरा समाज को हक अधिकार के लिए लडना होगा. इसके लिए सभी को एकजुट होना होगा.

## शिक्षा अधिकार अधिनियम को लेकर की गई बैठक

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक हुई. इसमें झारखंड निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 के तहत निजी विद्यालयों को मान्यता प्राप्त करने के लिए जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक करते हुए सम्बंधित प्रस्ताव पर विचार किया गया. बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची मिथलेश केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं सम्बंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में 18 निजी विद्यालय को मान्यता देने को लेकर विचार-विमर्श किया गया.

## प्रबुद्ध लोगों ने हमजा रहमान को दी बधाई

**रांची।** रांची शहर के प्रबुद्ध लोगों ने रोबोट बनाने वाले हमजा रहमान को उसके आवास में जाकर बधाई दी. शहर के बाहर के लोग भी हमजा रहमान से आकर मिल रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं. लोगों ने कहा कि ऐसी प्रतिभा को सरकारी सहयोग मिलना चाहिए. जिससे कि प्रतिभा को निखारा जा सके और आने वाले समय में देश की सुरक्षा पर नए-नए आविष्कार लगातार कर सके. भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि प्रतिभा किसी कमी की मोहताज नहीं होती है अगर उसमें लगन हो. उन्होंने कहा कि ऐसे होनहार छात्र की मदद करनी चाहिए.

## चेतन क्रिकेट टूर्नामेंट में बीआईटी मेसरा विजयी

**रांची।** बीआईटी मेसरा के खेल मैदान में आयोजित चेतन देवराज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीआईटी मेसरा की टीम ने सरला बिरला विश्वविद्यालय को चार विकेट से हरा दिया. सरला बिरला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.3 ओवरों में सभी विकेट खोकर 91 रन बनाए. टीम की तरफ से बिष्णु ने 17 और अभिषेक ने 16 रनों का योगदान दिया. जवाबी पारी खेलने उतरी बीआईटी की टीम ने 17.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया. विजेता टीम की ओर से अभिनव 19 और सुधांशु ने 15 रनों का योगदान दिया. वहीं प्रीतम और विष्णु ने 2-2 विकेट हासिल किए.

## डीएवी कपिलदेव में 17 को होगी प्रवेश परीक्षा

**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल, कडरू में 17 मार्च को ग्यारहवीं कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा. विज्ञान और वाणिज्य संकाय में प्रोविजनल एडमिशन के लिए छात्र ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. प्री बोर्ड के अंकों के आधार पर निर्धारित शर्तों को पूरा करनेवाले वाले छात्र फॉर्म भरकर प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं.

# राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय का बोरिंग 6 साल से ठप, पानी की किल्लत

पियूष गौतम ।रांची

राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय कडरू में पानी की घोर समस्या पिछले 6 वर्षों से लगातार जारी है. विद्यालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है. बच्चों के पीने के लिए विद्यालय की प्राचार्या पानी से भरा जार बाहर से मंगाती हैं. स्कूल की रसोइया ने उस जगह को दिखाया जहां पहले स्कूल का बोरिंग हुआ करता था. बोरिंग वाली जगह पर मिट्टी भर चुकी है. इससे बोरिंग पूरी तरह से लुप्त हो गई है. शौचालय का हाल तो किसी इंसान के इस्तेमाल लायक भी नहीं बचा है. शौचालय में ईंट, सिगरेट बट और कफ सिरप की शीशी बिखरी पड़ी है. वहीं प्राचार्या जुलियानी हेरेंज ने बताया कि शाम होते ही विद्यालय परिसर नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है.

बताया कि अगस्त 2017 में जब मैंने यहां पदभार संभाला था, तभी से बोरिंग खराब पड़ा है. पूर्व वार्ड पार्षद शशि सिंह और जिला शिक्षा अधीक्षक को समस्या के समाधान के लिए आवेदन भी दिया गया. लेकिन कोई हल नहीं निकला. वैसे तो पूरे सालभर हमें पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है. इससे यहां पर बच्चों को काफी परेशानी होती है. लेकिन अब गर्मी भी शुरू होने वाली है. एक बार फिर से हमारे सामने पानी की संकट खड़ी हो जाएगी.



### शौचालय इस्तेमाल के लायक नहीं, स्कूल परिसर बना है नशेड़ियों का अड्डा

### गंदे पानी से धोया जाता है फर्शः नेहा



शिक्षिका नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि पानी के अभाव में स्कूल के बच्चों के लिए खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले पानी को दोबारा इस्तेमाल करते हैं. चावल व सब्जियों को धोने के बाद बचे हुए गंदे पानी से ही स्कूल परिसर का फर्श धोया जाता है, क्योंकि हमारे पास और कोई विकल्प नहीं है. इसके अलावा शौच के लिए भी हमें अन्य विकल्प तलाशना पड़ता है, जिस कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. स्कूल की रसोइया ने बताया कि सबसे अधिक कष्ट तो तब होता है, जब पानी से भरा बाल्टी सिर पर ढोकर लाना पड़ता है. क्योंकि पानी नहीं लाउंगी तो बच्चों के लिए खाना नहीं पक पाएगा और बच्चे भूखे रह जाएंगे. इससे एक अलग ही समस्या हो जाएगी.



### शिक्षा परिषद को भेजी जाएगी सूची

जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा ने बताया कि यह मामला आपके द्वारा ही मेरे संज्ञान में आया है. जहां-जहां इस तरह की समस्याएं हैं, हम ऐसे विद्यालयों की सूची बना रहे हैं. इसके बाद समस्या के समाधान के लिए स्कूलों की सूची झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को भेजी जाएगी.

## महबूबी, बकरखानी, सूजी टोस की जमकर हो रही खरीदारी

# रमजान आज से, राजधानी में सज गया सेहरी बाजार

रेहान अहमद।रांची

रमजान उल मोबारक के अवसर पर सोमवार से राजधानी में रमजान बाजार सज गया है. मेन रोड स्थित रायक बेकरी, इकरा मस्जिद के आगे भारत बेकरी, समेत जगह-जगह रमजान के मौके पर सेहरी की दुकानें सज गई हैं. रमजान को लेकर लोग सुबह से ही रोजा रखने के लिये सेहरी की खरीदारी में जुटे नजर आये. दोपहर बाद शाम से देर रात तक मेन रोड में सेहरी की खरीदारी करते दिखे. रायल बेकरी के संचालक मो सरफराज ने बताया कि लोगों के पसंद का ख्याल करते हुए उत्तम क्वालिटी के सेहरी आइटम तैयार कर दुकान में सजाया गया है. उम्दा क्वालिटी की वजह से ही ग्राहक लंबे समय से अच्छी संख्या में आ रहे हैं. सेहरी के लिये लोग महबूबी, बकरखापनी और सूजी टोस की खूब खरीदारी कर रहे हैं.

**यहां भी सजे हैं सेहरी बाजार :** हरमू, चर्च रोड, कडरु, डोरंडा, पहाड़ी टोला, हिंदपीढ़ी, पुंदाग, बरियातु, इलाही नगर, कर्बला चौक, कांटा टोली, थड़पखना, रतन टाकिज, डॉ फतेउल्लाह रोड, गुदड़ी, आजाद बस्ती, पुरानी रांची आदि क्षेत्रों में दुकानें सजी हैं.



| सेहरी सामग्री | मूल्य |
|---|---|
| बकरखानी | 25 रु पीस |
| छोटा बकरखानी | 10 रु पीस |
| स्पेशल बकरखानी | 50 रु पीस |
| नारियल बकरखानी | 20 रु पीस |
| तोश/पापड़ | 40 रु पैकेट |
| खोवा बकरखानी | 120 रु पीस |
| महबूबी | 50 रु पीस |
| तीन बन | 10 रु पीस |
| तिनमुडिया | 50 रु पीस |
| बेकरी मीठा किस्कीट | 240 रु केजी |
| नमकीन | 200 रु केजी |
| मीठा पापड़ | 120 रु केजी |
| मिक्स केक | 50 रु पीस |
| फ्रूट केक | 100 रु पीस |
| क्रीम रोल | 50 रु पीस |
| ब्रेड | 15 से 40 रुपये |
| सलाइस ब्रेड | 40 से 80 रुपये |
| सूजी टोस | 70 रु पैकेट |

## मरहबा ने गरीबों में बांटे रोजा किट



**रांची।** रमजान उल मुबारक में गरीबों, दर्दमंदों का खास ख्याल रखने को कहा गया है. इसे अमल करते हुए मरहबा ह्यूमन सोसाइटी की ओर से शहर में करीब 200 गरीबों के बीच रोजा किट बांटा गया है. सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी नेहाल अहमद ने कहा कि यह काम नेकी के रूप में किया जा रहा है. किसे दिया गया है, इसे परदे में रखा गया है. अगर बता ही दिया जाये तो फिर यह नेकी नहीं अपने की बड़ाई करना होगा. रोजा किट में चना, चनादाल, सरसों तेल, चीनी, चायपत्ती, चावल, आटा, सेहरी के लिये ब्रेड तकसीम किये गये.

## रमजान का चांद नजर आते ही तराबीह की नमाज शुरू हो गई

**रांची।** माहे रमजान का चांद नजर आने के बाद सोमवार से शहर की तमाम मस्जिदों में तराबीह की नमाज शुरू हो गई. हाफिज कुरआन ए पाक को 20 रकात की नमाज में पढ़ाते हैं. मौलाना अब्दुल माजिद ने कहा कि मस्जिदों में तराबीह की नमाज 20, 22, 24, 26 रमजान को मुकम्मल (पूरी) होती है. मालूम हो कि कारोबारी, व्यापारी, नौकरी करने वाले जिनके पास समय का अभाव होता है, उनके लिए शहर में जगह-जगह बड़े हॉल व लोगों के घरों में 10 दिनों की तराबीह की नमाज शुरू की गई है. यहां 10 दिनों में कुरआन मुकम्मल हो जाएगी. 10 दिवसीय तराबीह की नमाज मेन रोड मधुबन मार्केट, अंजुमन प्लाजा, सरफराज चौक, डोरंडा, कडरु, कांटाटोली, पुरानी रांची, बरियातु आदि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में हो रही है.

## हर बुराई से बचने का नाम तकवा है : माजिद

**रांची।** हरमू हामीम मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल माजिद ने कहा कि गरीबों, मिसकिनों, यतीमों का रमजान उल मुबारक के महीने में खास ख्याल करना चाहिये. पैगंबर मोहम्मद (स.) ने फरमाया है कि गरीबों का रमजान में खास ख्याल रखें. जिसने किसी को इफ्तार कराया उसे पूरे रोजे का सवाब मिलता है. नबी (स.) ने फरमाया भूखों को खाना खिलाना, प्यासों की प्यास बुझाना, इस नेक अमल के बहुत सारे फायदे हैं. रमजान उल मुबारक इबादत, हमदर्दी रब को राजी करने, तलाश व उसके करीब होने का मुबारक महीना है. इसमें मोमिन बंदों के हर नेक अमल व हर नेकी का अज्र (पुण्य) बढ़ा दिया जाता है. बाकी (कुछ) काम इबादत और सबब के होते हैं. जैसे गरीबों को खाना खिलाना है. एक माह बगैर गुनाह के गुजारना है. रोजा का मकसद तकवा है. रोजा तकवा की सीढ़ी है. तकवा यानी परहेजगारी, हर बुराई से बचने का नाम तकवा है. अल्लाह फरमाता है कि रोजा मेरे लिये है, लेकिन मैं ही इसका बदला दूंगा. इफ्तार में सूरज गुरूब (डूब) जाये तो फौरन इफ्तार करना अफजल (अच्छा) है.



## झारखंड छात्र मोर्चा ने रांची विवि मुख्यालय गेट पर जड़ दिया ताला

**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा के द्वारा सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में विभिन्न मांगो को लेकर आरयू के मुख्यालय पर ताला जड़ दिया. इसके साथ छात्रों ने यूजी सेमेस्टर 4 के 90% छात्रों के फेल होने पर आपत्ति जताई. छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा कोई गड़बडी हुई है. इसलिए फिर से कॉपियों की जांच करवायी जाए. इसके साथ समेस्टर 5 का फार्म भरने कि तिथि बढ़ायी जाए. वहीं तालाबंदी में छात्र मोर्चा अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव इरफान अहमद, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, संयुक्त सचिव कासिफ रज़ा, कृष्णा कुमार, तनवीर, बबिता लामा, प्रियंका टोप्पो, अरशी परवीन, पुष्पा कुमारी, तन्नू कुमारी, नीतीश कुमार आदि सैकड़ों छात्र मौजूद थे.

### क्या है छात्रों की मांग

1. छात्र हित में सेमेस्टर 4 के 90% लगभग बच्चे अनुतीर्ण हुए, उन्हें पास किया जाय.
2. यूजी सेमेस्टर 5 की जब तक सिलेबस पूरा नहीं हो जाती तब तक सेमेस्टर 5 की परीक्षा तिथि को बढ़ाया जाए.
3. महाविद्यालयों में अनावश्यक परीक्षा सेंटर देकर कक्षा को बाधित न किया जाय.
4. यूजी सेमेस्टर 4 के परीक्षा परिणाम किए बगैर यूजी सेमेस्टर का मिड सेम की परीक्षा ली गई जो बिल्कुल गलत है. उसे निरस्त किया जाए.
5. एक अथवा दो पेपर के परीक्षा शुल्क (बाकलोग) को कम किया जाय. वर्तमान में 700 रुपया लिया जाता है. उसे पर पेपर के हिसाब से लिया जाए,
6. परीक्षा विलंब शुल्क को कम किया जाए.

## 32वां नमो नमो नारायणी भजनोत्सव 15 से शुरू

**रांची।** श्री राणी सती मंदिर कमेटी रांची की ओर से 15 से 17 मार्च तक श्री राणी सती मंदिर प्रांगण में होली रंगोत्सव होगा. इस अवसर पर 32वां नमो नमो नारायणी भजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. 15 से 17 मार्च तक कई आयोजन सुबह 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक होंगे. यह जानकारी कमेटी के रतनलाल जालान ने दी.

न्यूज अपडेट ▼

## सरला बिरला के छात्रों का क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन





**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'फिट इंडिया क्विज' प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है. प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में कक्षा दसवीं के छात्र मो. अम्मार अहमद ने प्रदेश स्तर पर आठवां रैंक जबकि कक्षा ग्यारहवीं के अभिषेक कुमार आयुष ने 11वीं रैंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है. बता दें कि 'फिट इंडिया क्विज' प्रतियोगिता का संचालन 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' द्वारा किया गया. जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में किया था. विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों के इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया. वहीं प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दी.

## सीयूजे में सेमिनार का हुआ आयोजन



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के ऊर्जा अभियंत्रण विभाग में सोमवार के परिप्रेक्ष्य में जैव ईंधन की उपयोगिता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार में मुख्य अतिथि मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य प्रो॰ एमके झा थे. सेमिनार की शुरुआत प्रो॰ एमके झा, प्रो॰ समदर्शी, प्रो॰ लाटा और डॉ॰ सचिन कुमार ने द्वीप-प्रज्वलित कर की. प्रो॰ एमके झा ने अपने भाषण में बायो-फ्यूल्स से संबंधित अनेक जानकारियां दीं. जैसे कि वैज्ञानिक खोज, इसके उपयोग, उच्च शिक्षा और विकास पर इसका प्रभाव. उन्होंने आम जीवन में ऊर्जा-श्रोत के रूप में इसके अनुप्रयोग और सरकार द्वारा उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों पर भी चर्चा की.

## आईएचएम में झारखंड कौशल प्रतियोगिता शुरू



**रांची।** झारखंड कौशल प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ सोमवार को रांची स्थित आईएचएम में हुआ. इस पांच दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण सह प्रतियोगिता का आयोजन आईएचएम, आईटीआई, झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम, राज हॉस्पिटल, प्रेमसंस मोटर्स एवं साई ब्यूटी संस्थान में किया जा रहा है. कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि उप निदेशक आरडीएसडीई पीके मडावी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए चार बातें कौशल, ज्ञान, मेहनत और विचारधारा महत्वपूर्ण होती हैं. मैं चाहता हूं कि झारखंड के प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे और विश्व स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करें. मेरी शुभकामनाएं आप सभी के साथ है. बता दें कि झारखंड कौशल प्रतियोगिता के तहत विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया स्किल्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा. जहां देश के अलग-अलग राज्यों के विजेता प्रतिभागी शामिल होंगे.

## जेएसएससी परीक्षा की तिथि हो घोषित



**रांची।** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा को रद्द हुए एक महीने से ज्यादा का वक्त बीत गया है. पर परीक्षा की तिथि अब तक जरी नहीं की गई है. विगत दिनों में परीक्षा 28 जनवरी एवं 4 मार्च को रखी गई थी. 28 जनवरी हुए परीक्षा के पश्चात प्रश्न पत्र लीक होने के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई थी. एक महीने से भी अधिक समय बीतने के बाद भी जेएसएससी की तिथि घोषित नहीं की गई है. जिसे लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन ने सोमवार को राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना देने का प्रण लिया. उनका एक ही नारा एक ही मांग जेएसएससी सीजीएल फेयर एग्जाम हो. इस मौके पर काजल मंडल, विनय कुमार, रोहित कुमार सिंह, एके बनवाल, गौतम, निरज, अभि, रवि, रितेश एवं अन्य छात्र उपस्थित थे.

## मुख्यमंत्री से मिले ताइक्वांडो फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता।रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सोमवार को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि राजधानी रांची के खेलगांव में इस वर्ष 5 जून से 10 जून तक अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स सेमिनार कोर्स का आयोजन होना है. भारत को इसकी पहली बार मेजबानी मिली है और रांची में इसके आयोजन का निर्णय लिया गया है. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इसके सफल आयोजन को लेकर झारखंड सरकार भागीदार बने. मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में वर्ल्ड ताइक्वांडो मास्टर्स यूनियन के फाउंडर प्रेसिडेंट ग्रैंड मास्टर की हांग किम, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रेसिडेंट फिरोज अहमद, जेनरल सेक्रेटरी प्रभात कुमार शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के संजय शर्मा, ग्रैंड मास्टर- मुंबई परवेज खान, ग्रैंडमास्टर-दिल्ली अनिल ठाकुर, ग्रैंडमास्टर-ओडिशा मनमोहन भांजा शामिल थे.

## राष्ट्रीय युवा शक्ति के बैनर तले बाइक रैली

संवाददाता।रांची





राष्ट्रीय युवा शक्ति के बैनर तले रांची बंद के पूर्व संध्या पर सोमवार को पिस्कामोड़ से बाईक रैली निकाली गई. नगर भ्रमण करते हुए रैली शाम 5.30 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंची. सभी वहां से पैदल मार्च करते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे. सोमवार शाम 6 बजे रांची बंद के पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला. अध्यक्ष उतम यादव ने कहा कि 12 मार्च को रांची बंद बुलाया गया है. शहीद भगत सिंह के प्रतिमा को रांची में जगह नहीं दिया जा रहा है. प्रशासन और नगर निगम हमारी बात नहीं सुन रहे हैं. शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के लिए राजभवन के समक्ष लगातार अनिश्चितकाली धरने पर हैं. हमारी मांग सरकार नहीं सुन रही है. विवश होकर रांची बंद बुलाना पड़ा है. 22 मार्च तक प्रतिमा स्थापित नहीं हुआ तो 23 मार्च को शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर फांसी के फंदे पर लटकेंगे. मौके पर उमेश साहू, योगेश कुमार रॉक, आर्यन मेहता मौजूद थे.

**सम्मान**

## इंडिया नेटबुक्स की ओर दिल्ली में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था

# डॉ. श्रीनिवास चंद्र साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित

संवाददाता।रांची

रांची के मशहूर कवि और लेखक डॉ. श्रीनिवास चंद्र ठाकुर को सोमवार को नई दिल्ली में साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह अवार्ड समारोह इंडिया नेटबुक्स और बीपीए फाउंडेशन की ओर दिल्ली मे आयोजित किया गया था. समारोह में डॉ ठाकुर को सुप्रसिद्ध साहित्यकार चित्रा मुद्गल साहित्य रत्न सम्मान दिया गया. समारोह में साहित्यकार डॉ सूर्यबाला, नासिरा शर्मा, ममता कालिया, प्रेम जनमेजय, डॉ लालित्य ललित, प्रख्यात पत्रकार राहुल देव सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे. डॉ एनसी ठाकुर मूल रूप से बांका जिले के कदराचक गांव के निवासी हैं. हाल में ही प्रसार भारती (आकाशवाणी और दूरदर्शन) रांची में सहायक केंद्र निदेशक की लंबी सेवा के बाद रियाटर हुए हैं.





## युवा पुरस्कार से सम्मानित होंगी कथाकार जसिंता केरकेट्टा

**रांची।** रचनात्मकता दृष्टिकोण हम सभी मनुष्यों के भीतर होता है. हमें जरूरत है तो उन्हें तराशने की. हर व्यक्ति अपने पेशे में रचनात्मक होता है. मनुष्यों को अपने रचनात्मक कार्य को पहचान कर उन्हें निखारने की जरूरत है. एसे ही झारखंड की आदिवासी बेटी जसिंता केरकेट्टा हैं, जिन्होंने लेखका, कवयित्री के रूप में अपनी पहचान बनाई है. जसिंता को भारतीय भाषा परिषद की ओर से कवि एवं चर्चित कथाकार के 2024 के युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. साथ ही रचनात्मकता और उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए 51 हजार की राशि दिया जाएगा. युवा साहित्यकार को स्मृति चिह्न ल 51000 की राशि का चेक अर्पित किया जाएगा.



# एबीवीपी ने आरयू में जड़ा ताला

## परिषद ने सेमेस्टर 4 के रिजल्ट में गड़बड़ी का लगाया है आरोप

संवाददाता ।रांची



छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर दी. लॉकडाउन का पालन कर रहे छात्र परिषद के सदस्यों ने कहा कि सत्र 2021-2024 के सेमेस्टर 4 के जारी रिजल्ट में सभी कॉलेजों के लगभग 75% छात्र फेल हो गए हैं.

इसके साथ ही सेमेस्टर 5 का परीक्षा फॉर्म भरना का समय निकाल दिया गया हैं. मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का पहला काम एडमिशन, परीक्षा और रिजल्ट पर काम करना है, लेकिन कुलपति और रजिस्ट्रार अपना काम छोड़कर निजी तौर पर टेंडर बेचने में लगे हैं. परीक्षा और नामांकन के काम के लिए एजेंसियों को नियुक्त किया जाता है. इसके बाद भी आए दिन एजेंसी एडमिट कार्ड और रिजल्ट में गड़बड़ी कर रही है. इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन एजेंसी को संरक्षण दे रहा है. महानगर मंत्री ऋतुराज शाहदेव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों पर जुल्म करती जा रही है. सेमेस्टर 4 का जो रिजल्ट आया है वह पूर्णतः निराधार है. विश्वविद्यालय प्रशासन को विचार करने की आवश्यकता है कि आखिर पूरा डिपार्टमेंट कैसे फैल हो सकता है. सेमेस्टर 4 के परिणाम की पुनः जांच होनी चाहिए अन्यथा अभाविप अनिश्चितकाल के लिए आंदोलन प्रारंभ करेगी.

## सिल्ली विधायक ने सोनाहातू और राहे में कई योजनाओं का शिलान्यास किया

# हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है: सुदेश महतो

**संवाददाता। सोनाहातू/राहे**

विधायक सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को सोनाहातू और राहे में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया. इसमें सोनाहातू प्रखंड के जिलिंगसेरेग गांव में डेढ़ किलोमीटर सड़क तथा 300 फीट पीसीसी सड़क, तिलाईपीडी गांव में साढ़े तीन किलोमीटर सड़क तथा तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. राहे प्रखंड के बंसिया गांव में 1 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया. सोनाहातू में 2 करोड़ 42 लाख तथा राहे में एक करोड़ 12 लाख से निर्माण कार्य को पूरा किया जाना है. शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है.



शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है. स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है. हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम किया जा रहा है. प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा. गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है. योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है. हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है. मौके पर सुनील सिंह चितरंजन महतो, वीणा मुंडा, रमेश मुड़ा, अनिता देवी,रोशन मुंडा,बबलू खान,कमल सिंह मुंडा, राजकिशोर लोहरा, मनोज मेहता, बालेंदु महतो आदि मौजूद थे.

**खास बातें**

- शिक्षा व स्वास्थ्य पर व्यापक सुधार किया जा रहा है
- हाई स्कूल और मिडिल स्कूल स्मार्ट क्लास शुरू
- हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है

## ब्रीफ खबरें

### राहे में आपसी विवाद में युवक की हत्या

**राहे।** थाना क्षेत्र के लोवाहातू पंचायत के दुधीटांड गांव में 23 वर्षीय युवक की हत्या हुई है. घटना रविवार रात की बतायी जा रही है. युवक मोहन महली सिल्ली थाना क्षेत्र के पोगड़ा गांव का रहने वाला था. गांव में रविवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था. ग्रामीणों के अनुसार नृत्य कार्यक्रम का समापन रात 9 बजे के आसपास हो गयी थी. युवक घर से दोपहर बाद ही घर से कार्यक्रम देखने के लिये निकला था. इसी क्रम में युवक मोहन महली का किसी दूसरे पक्ष के साथ विवाद हुआ था. ग्रामीणों के अनुसार विवाद ही हत्या का कारण हो सकता है.

### उपायुक्त ने जागरूकता वाहन को किया रवाना

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया. इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, विभिन्न सीडीपीओ एवं सहिया उपस्थित थीं. मिशन शक्ति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है. जिसका मकसद महिलाओं को सशक्त और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है. इस मिशन के तहत महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान करना है. अभियान के तहत महिला सशक्तीकरण के लिए समाहरणालय में डिस्ट्रिक हब बनाया गया है. साथ ही रिनपास परिसर कांके में वन स्टॉप सेंटर भी स्थापित है. जागरूकता वाहन के माध्यम से जिलावासियों को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी जायेगी.

### खलारी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**खलारी।** खलारी पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर खलारी पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया. मौके पर खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह के नेतृत्व मे एंटी क्राइम को लेकर चेकिंग में बिना हेलमेट, मास्क, ड्राइविंग लाइसेंस, नशे में वाहन चालन और बिना पंजीयन के वाहनों की जांच की गई. इसक्रम में दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन व चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात और डिक्की खुलवा कर जांच की गयी.वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया. साथ नियम उल्लंघन पर जुर्माना वसूली की चेतावनी देकर वाहनों को छोड़ा गया.

### प्रदीप वर्मा को ओरमांझी के लोगों ने दी बधाई

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश कुमार महतो ने प्रदीप वर्मा को एनडीए से झारखंड से राज्यसभा उम्मीदवार बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. प्रदीप वर्मा की पहचान सरला बिरला यूनिवर्सिटी के संस्थापक के रूप में है. मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि मुझे खुशी है कि भारत के प्रधानमंत्री एवं एनडीए पार्टी ने प्रदीप वर्मा को राज्यसभा के लिए प्रत्याशी घोषित किया है. उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदीप वर्मा जी का योगदान बहुत बड़ा और प्रेरणादायक रहा है. यह हमारा देश की नियति को आकार देने में कार्यकर्ताओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है.

## पुटकी में एक नकाबपोश के पास पिस्टल होने की खबर पर पुलिस ने टेंट उखाड़ कर फेंका

# महिला समिति के धरने में हंगामा, हुई बमबाजी

**संवाददाता। पुटकी**

पुटकी के भागाबांध 17 नंबर स्थित निजी कंपनी ईगल दीप प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय के मुख्य गेट पर सोमवार को नशा उन्मूलन महिला समिति के धरना के दौरान जमकर बवाल हुआ. समिति की महिलाएं अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना देने पहुंची थीं. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को खदेड़ कर भगा दिया. खदेड़ने के क्रम में कुछ महिलाओं को चोटें आई हैं. धरना के लिए लाये गए टेंट को भी हटा दिया गया. वहीं कुछ उपद्रवियों ने कंपनी के गेट से करीब 500 मीटर दूर आंदोलन कर रहे लोगों की खड़ी आधा दर्जन बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया. क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए सुतली बम भी फोडे. गए. घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी दीपक कुमार मौके पर पहुंचे. पुटकी, केंदुआडीह, मुनिडीह समेत पुलिस लाइन से बड़ी संख्या में फोर्स बुलाई गई. पुलिस ने उपद्रव कर रहे लोगों को हिरासत में लिया है.

धरना का नेतृत्व कर रही महिला समिति की नेत्री सुंदरी देवी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि पूर्तव घोषित



कार्यक्रम के तहत धरना देने पहुंचीं महिलाओं पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं और खदेड़ दिया. महिलाओं ने भागाबांध ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप भी लगाया.

सूत्रों के अनुसार, वरीय पुलिस अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली कि दंगा फैलाने के लिये कुछ लोगों को पैसे देकर बुलाया गया है. आंदोलन कर रहे कुछ नकाबपोश लोगों पर शक होने पर पुलिस ने उनकी धर-पकड़कर जांच की. एक युवक पिस्टल के साथ पकड़ा गया, जबकि कई नकाबपोश भीड़ का फायदा उठा भाग निकले.

### बरवाअड्डा में 54 लाख रु. का फेंसेडिल सिरप जब्त



बरामद दवाएं

**बरवाअड्डा।** गुजरात पुलिस की सूचना पर सोमवार को बरवाअड्डा पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बरवाअड्डा भेलाटांड़ पानी टंकी के पास की एक गोदाम में छापेमारी की. छापामारी में पुलिस ने गोदाम में अवैध रूप रखे फेंसेडिल की 26000 बोतल जब्त की, जिसकी बाजार कीमत लगभग 54 लाख रुपये है. गुजरात पुलिस ने गुजरात में एक ट्रक पकड़ा था, जिसमें अवैध तरीके के फेंसेडिल सिरप ले जायी जा रही थी. मामले में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया था. हिरासत में लिए गए चालक ने पुलिस को बताया था कि झारखंड के धनबाद जिला अंतर्गत बरवाअड्डा क्षेत्र से दवा को लोड किया गया था. रविवार को मामले को सत्यापित करने के लिए चालक को लेकर गुजरात पुलिस बरवाअड्डा पहुंची थी. रविवार को बरवाअड्डा पुलिस को ले कर गोदाम पहुंचने पर वहां काम कर रहे कर्मचारी ताला लगा कर कर भाग गए थे.

### अवैध महुआ शराब भट्ठियों को पुलिस ने किया नष्ट

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड के कई गांवों में अवैध महुआ शराब भट्ठियों पर छापामारी चलाया गया. यह अभियान दोमादिह, चातमबरी, हलमाद, लोटा एवं केशादीह आदि गांव में अवैध रूप से महुआ शराब 400 सौ केजी बनाई जा रही है. जहां भाटियों को थाना के द्वारा नष्ट किया गया. मोहित कुमार ने कहा कि यह अभियान सिल्ली प्रखंड के पूरे गांवों में चलाया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य है कि गांवों को नशा मुक्त करना है. क्योंकि आए दिन सड़क दुर्घटना कहीं ना कहीं होती रहती है जिसका एक ही कारण है नशा गांवों में महुआ शराब बंद हो जाएगी तो बहुत सारे नव युवक नशे के सेवन से बचेंगे.

### सड़क दुर्घटना में एलआईसी एजेंट घायल, किया रेफर

**बेड़ो।** पुरनापानी लापुंग सड़क पर सोमवार की सुबह दो बाइकों की टक्कर में दोलैचा निवासी व्यवसायी एवं एलआईसी एजेंट 44 वर्षीय बजरंग गंभीर रूप से घायल हो गये. उनके सिर पर अंदरुनी चोटें आई हैं. बजरंग भगत के परिजनों ने बताया कि बेड़ों में बैंक ऑफ़ इंडिया के नीचे लक्ष्मी नारायण कंपलेक्स में अपना प्रतिष्ठान खोलने अपने बाइक में सवार होकर जा रहा था. तभी विपरित दिशा से एक दूसरे मुर्गी लदे टोकरी लेकर जा रहे बाइक सवार ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए बजरंग भगत की बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर लगने के बाद बाइक सवार अपनी बाइकको छोड़कर भाग निकला. बताया जा रहा है कि वह मसिया का रहने वाला था. बाद में उसने घटनास्थल जाकर अपना सामान लेकर भाग निकला.

# मैक्लुस्कीगंज में झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा





**संवाददाता. मैक्लुस्कीगंज**

झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड समिति द्वारा तुमांग पंचायत के करकटटा बस्ती में न्याय यात्रा निकाली गई.न्याय यात्रा के माध्यम से आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित समस्त आदिवासी समाज पर केंद्र सरकार बीजेपी और मनुवादी विचारधारा द्वारा जो अत्याचार किया जा रहा. उसके विरोध में तमाम झारखंड राज्य के ग्रामीणों में आक्रोश है जिसका असर आने वाली लोकसभा चुनाव में वर्तमान केन्द्र सरकार को दिखाई देगा जनता के लिए कई कल्याणकारी योजना बनाई गई है. जिसका लाभ सीधे आमजनता को मिल रहा है जिसमे अबुआ आवास, सर्वजन पेंसन, विधवा पेंशन ,फुले बाई सावित्री किशोरी समृधी योजना और गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लोकार्पण मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के द्वारा किया गया है. इस मौके पर खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनील पासवान , चितरंजन सिंह, कलाम रिजवी,याकूब अंसारी ,शंभुदास गौरव सिंह, बीरू ,गणेश पहान किसुन मुंडा, पंकज मुंडा, सत्रुधन मुंडा, मजीता देवी ,पूनम देवी बेबी देवी ,उमा देवी, तरो देवी सरिता देवी, नोनी देवी ,मंगरी देवी ,अघनी देवी आदि ग्रमीण मौजूद थे.

### नरकोपी थाना क्षेत्र में चला चेकिंग अभियान

**बेड़ो।** नरकोपी पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में वाहन चेकिंग चलाया. इस दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, तथा बिना इंश्योरेंस के रेस ड्राइविंग में तीन अलग-अलग बाइक को जब्त किया. नरकोपी के थानेदार देवप्रताप धान ने मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोजन चलाते हुए माननीय न्यायालय में नन एफआईआर आवेदन पत्र समर्पित कर दिया. नरकोपी के थानेदार देवप्रताप धान ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपराध और दुर्घटना नियंत्रण को लेकर सड़कों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान बिना हेल्मेट के चल रहे दर्जनों बाइक एवं स्कुटी के चालको के वाहन को जब्त किया . वहीं चार पहिया वाहन सहित अन्य बड़ी वाहनों के मुल कागजात का भी जांच किया. बाइक चालकों के कागज को पड़ताल और घरों से हेल्मेट लाने के बाद जब्त वाहनों को मुक्त किया गया. एएसआई कंचन सिंह एवं राम नगीना प्रसाद सहित पुलिस के जवानों ने लोगों को हमेशा हेल्मेट लगा कर वाइक चलाने की हिदायत देते दी.

# बिरसा विस्थापित प्रभावित मंच ने किया धरना-प्रदर्शन

**संवाददाता। खलारी**

बिरसा विस्थापित प्रभावित मंच ने समस्याओं को लेकर एन के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया . इससे पूर्व ग्रामीण पैदल चल कर नारेबाजी करते हुए डकरा महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे. जहां प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और सभा का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता बहुरा मुंडा और संचालन महेंद्र उरांव ने किया. सभा में सीसीएल की विस्थापन नीति पर सवाल उठाते हुए वक्ताओं ने कहा कि नई खदान और रोहिणी ओसीपी खोलने के लिए जिन लोगों को हटाए जाना है वे लोग पूर्व से ही विस्थापित किये गए हैं. अब फिर से उन्हें विस्थापित करने की बात पर सीसीएल कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही है कि किस नियम के तहत उन्हें हटाया जाएगा, बसाया जाएगा और उन्हें क्या सुविधा मिलेगी. 21 सूत्री मांग में रोहिणी नई खदान के लिए



अधिग्रहित की गई जमीन का सीमांकन कर पिलरिंग करने की मांग की गई. इस मौके पर बहुरा मुंडा, रामेश्वर भोगता, ध्वज राम धोबी , महेन्द्र उराव, उमेश लोहरा, किशन मुंडा, पंकज मुंडा, सूरज लोहरा, बिगन उरांव, कालेश्वर मुंडा, शत्रुघ्न मुंडा, लालु मुंडा, अनिल राम, छोटू राम, विजय, मनोज रेनू देवी, सुक्रमणि देवी, सीता देवी, पुष्पा देवी, इतवारिया सीता, शांति देवी सहित समेत कई गांव के ग्रामीण मौजूद थे.

**अराजकता** बुढ़मू में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, धरना पर बैठे सांसद-विधायक

# अशांति फैलाने का प्रयास, मूर्तियों को किया गया खंडित

**संवाददाता। बुढ़मू**

बुढ़मू : असामाजिक तत्वों ने एक बार फिर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की है. राजधानी रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा में रविवार देर रात असामाजिक तत्वों ने तीन मंदिरों में मूर्तियों को खंडित कर दिया है. सोमवार सुबह जब पुजारी सिधेश्वर मिश्रा प्रतिदिन की भांति सुबह लगभग चार बजे पूजा करने मंदिर पहुंचे, तो देखा तीनों मंदिरों में मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया है. पुजारी ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी. घटना की सूचना पाकर मंदिरों में ग्रामीणों की भीड़ जमा होने लगी है. आक्रोशितों ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दी और इस घटना में शामिल असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. सड़क



जाम की सूचना पर बुढ़मू थानेदार रामजी कुमार, खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी इंस्पेक्टर विजय सिंह, मांडर इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा, मैक्लुस्कीगंज थानेदार , मांडर व चान्हो के थानेदार सहित भारी संख्या में पुलिस बल उमेडंडा पहुंच गये.

**खास बातें**

- बुद्धिजीवियों की सूझबूझ से मामला शांत कराया गया
- सांसद, विधायक व हिंदूवादी नेता पहुंचे घटनास्थल

### एडीएम के आश्वासन पर माने लोग

ग्रामीण इतने आक्रोशित थे कि किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे. दोपहर लगभग बारह बजे एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक धरनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने सांसद-विधायक समेत ग्रामीणों संग वार्ता की. भैरो सिंह ने रांची से हनुमान जी एवं नंदी की मूर्ति उमेडंडा में ले गये. प्रशासन की ओर से एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक व डीएसपी रामनारायण चौधरी ने सांसद-विधायक व ग्रामीणों को समझाया और 36 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा भव्य तरीके से मंदिर में नये मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा कराने का आश्वासन दिया.

- **पुलिस बलों की तैनाती :** एहतियात के तौर पर उमेडण्डा में भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है. घटना के बाद एफएसएल की टीम ने मंदिरों में जाकर नमूने इकठ्ठा किया.
- **मामला दर्ज:** घटना के संबंध में बुढ़मू थाना में पंडित सिधेश्वर मिश्रा के बयान पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है.
- **मीडिया से अपील:** वहीं घटना को लेकर रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मीडिया से अपील की है कि घटना से संबंधित फोटोग्राफ और वीडियो पोस्ट या प्रसारित ना करें, जिससे कि जिले में सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल बना रहे.

## न्यूज अपडेट

### नवमी डोल मेला में सुरक्षा को लेकर हुई बैठक



**नामकुम।** नवमी डोल मेला में सुरक्षा, स्वास्थ्य शिविर लगाने को लेकर सोमवार को बैठक हुई. बैठक में उपस्थित आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने बताया मेला के सफल आयोजन में आजसू पार्टी पूरा सहयोग करेगा . मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक , प्रकाश लकड़ा, मुकेश कुमार नायक, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष रतन सिंह होंडा,अनगाड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, एससी मोर्चा के अनगाड़ा प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम, पिंटु नायक, प्रदीप तिर्की , हहाप मुखिया सह समाज सेवी नन्हें कच्छप , संकर राम, अरविंद मुंडा, गणेश राम, दीवान सही मानकी, मंगल सही मानकी, धीरज नाग बैठक में उपस्थित रहें .

### कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष ने पंचायतों का किया दौरा



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो के साथ में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस को-ऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह ने सोमवार को विभिन्न पंचायतों का दौरा किया. नेताद्वय ने हालमाद, हाकेदाग,विसरिया, मुरी पूर्वी, मुरी पश्चमी, एवं पिस्का पंचायत का दौरा किया. खंड सचिव योगेंद्र कोईरी,भागीरथ महतो, हालमाद,मोहन उपाध्याय,हाकेदाग हरिचरण करमाली, मुरी पश्चिमी जमीलउद्दीन मोमिन,शाहबुद्दीन अंसारी,लाल बहादुर महतो,मोतीलाल बेदिया, विक्रम मुंडा इत्यादि कांग्रेस जनों से मुलाकात की. लोकसभा चुनाव की तैयारी व प्रखंड स्तर ,में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे.

### गार्डवाल निर्माण कार्य की विधायक ने आधारशिला रखी



**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने ग्राम सपारोम में तालाब के दोनों तरफ 350 फीट गार्डवाल का निर्माण की अधारशीला रखी. वहीं नामकुम प्रखंड सह अंचल परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, पर्यवेक्षीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास तथा प्रखंड परिसर का विकास विविध निर्माण लागत 4,93,31,301/- रुपये कार्य की आधारशिला विधि विधान से किया. मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ प्रभात भूषण सिंह, सरस्वती देवी, नन्हे कच्छप, रोज लकड़ा, जीता कच्छप, पतरस तिर्की, संदीप तिर्की, माधो कच्छप, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

### बचरा श्रमिक क्लब में मनाया गया महिला दिवस



**पिपरवार।** बचरा श्रमिक क्लब में डेंजरस डांस एम ग्रुप ने महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार जीएम की पत्नी सह जागृति महिला मडंल की अध्यक्ष मिनिता सहाय और विशिष्ट अतिथि अशोका पीओ की पत्नी मीरा कुमार,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी मुखिया गुंजन सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह सहित कई महिला अतिथि शामिल हुए.

### हिंडालको ने संविदा श्रमिकों को किया सम्मानित



**सिल्ली/मुरी।** हिंडालको मुरी के द्वारा 75 वां वर्ष पूरे होने पर रविवार के दिन हिंडाल्को के अल्युमिनियम क्लब में संविदा श्रमिकों को सम्मानित किया . इस आयोजन में रंगारंग कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बृहद भोज का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में आए हुए संविदा श्रमिकों को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम में संविदा श्रमिकों में काफी उमंग था. मुख्य अतिथि प्लांट का यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा ने कार्यक्रम में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कारखाना में शुरुआत से आज तक काफी उतार-चढ़ाव रहा परंतु संविदा श्रमिकों के मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से आज हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 75वां वर्ष का उत्सव मना रही है. .कार्यक्रम को सफल बनाने में 75 वां वर्ष आयोजन कमेटी के सदस्यों का काफी सराहनीय योगदान रहा.

### कारो में महिला दिवस समारोह का आयोजन



**पिपरवार।** बहेरा पंचायत अंतर्गत कारो में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया. इस समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी रमेश मुंडा एवं संचालन बालेश्वर उरांव ने किया . समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बहेरा पंचायत मुखिया रेखा कुमारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत की उपमुखिया सुरजमनी कुमारी, पंसस बसंती देवी ,वार्ड सदस्य रानी देवी, सोनी देवी, सिस्टर विक्टोरिया कुजुर, सिस्टर रीता बारला, दुलारी सुमन ,जयंती, सुलेन्द्र उरांव, रुपलाल महतो, अनिल महतो आदि शामिल थे .महिला दिवस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि का स्वागत महिलाओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर किया गया . समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का योगदान सर्वोपरि है.

### आईआरबी थ्री कैम्प में विदाई समारोह का आयोजन



**पिपरवार।** सीसीएल क्षेत्र के इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री पिपरवार कैंप में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता आरक्षी पदाधिकारी मनी मोहन प्रसाद और संचालन अवर निरीक्षक रंजीत कुमार ने किया. इस कार्यक्रम में आईआरबी थ्री पिपरवार कैंप से स्थानांतरण हुए तीन डीएसपी को विदाई दी गई.स्थानांतरण होने वाले डीएसपी में श्रीराम समद का सीसीआर रांची, महावीर शिलानन्द किंडो रेल आईजी कार्यालय रांची और अरूण कुमार तिर्की एसीबी रांची तबादला होने पर विदाई दी गई.कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने बारी-बारी से तीनो डीएसपी को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई.

### 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति सदमा, ओरमांझी व कांके का पुनर्गठन



**ओरमांझी।** एंजल गार्डन नर्सरी स्कूल सदमा ओरमांझी पश्चिमी क्षेत्र के प्रांगण में आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति सदमा ने बैठक की. बैठक 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति सदमा ओरमांझी- कांके क्षेत्र ने पुनर्गठन हुआ. सर्व सहमति से संरक्षक एतवा मुंडा, कमलनाथ मुंडा, रमेश चंद्र उरांव, विगु उरांव, देवकुवर पाहन, शिवचरण करमाली, सुरेंद्र उरांव, हरिलाल मुंडा,कल्लू मुंडा, लोकन मुंडा, गीता कच्छप,साधो मुंडा, काशीनाथ मुंडा,के अगुवाई से आदिवासी सरना 22 पड़हा समिति सदमा ,ओरमांझी - कांके क्षेत्र के निगरानी से पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव लाया गया.

